उपर्युक्त विशयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जिलाधिकारी महोदया के निर्देषानुसार जनपद मे सूखा बाढ एवं आपदा प्रबन्धन के अन्तर्गत आने वाली समस्याों के निदान एवं पूर्व तेयारी करने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 25.5.2015 को 12.30बजे बैठक आहूत की गई है।जिसमे विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण समय बद्व योजनाओं एवं कार्यो की प्रगति एवं उनके कियान्वयन का अनुश्रवण किया जायेगा तदनुसार वर्ष–2015–16 की कार्ययोजना सूखा/बाढ/आपदा प्रबन्ध योजना तैयार की जानी है।

अतः आप सभी से अनुरोध है उक्त बिन्दु पर अद्यावधिक सूचनाओं के साथ **दिनांक–25.05.2015** को समय 12.30 बैठक में भाग लेने व अद्यावधिक प्रगति रिर्पोट की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अपर जिलाधिकारी,
बलरामपुर।

प्रतिलिपिः
1. जिलाधिकारी महोदया की सेवा में प्राप्त निर्देष के क्रम में सादर अवलोकनार्थ।
2. अध्यक्ष जिला पंचायत बलरामपुर को बैठक में भाग लेने हेतु।
3. नाजिर सदर को आवष्यक व्यवस्था सुनिष्चित करने हेतु।

अपर जिलाधिकारी,
बलरामपुर।

सूखा राहत बैठक हेतु एजेण्डा बिन्दु

1. वर्शा के पानी का अधिकतम उपयोग तथा संरक्षण करना।
2. पानी के बहाव को कम करना तथा उसे संचित करना।
3. पानी के परम्परागत स्रोतों का पुर्नजीवीकरण।
4. अवक्रमित भूमि एवं वनों की पुनः स्थापना सुनिष्चित करना।
5. पानी के संग्रहण एवं भू–कूपों का पुर्नभरण।
6. मिट्टी व नमी का संरक्षण।
7. अत्यधिक मात्रा में पेड़ लगाना तथा पेड़ों की कटाई को रोकना।
8. फसल चक्र में फसलों का बदलाव तथा उन्नत बीजों का उपयोग।
9. फसलों में फव्वारा पद्यति का विकास करके जल संरक्षण को बढ़ावा देना।
10. कृशि के साथ अन्य प्रकार के रोजगारों व परम्परागत उद्योगों को बढ़ावा देना।
11. स्वयं सहायता समूहों का गठन करके लोगों में पानी बचाने के लिए जागरूकता लाना।
12. अपने स्वयं के अनुभवों, विभागों की दक्षता, जन प्रतिनिधियों के व्यवहारिक ज्ञान एवं अनुभव का सदुपयोग।
13. पेयजल के सभी स्रोतों/संसाधनों का उचित मरम्मत एवं पूर्ण उपयोग हेतु तैयार करना।
14. खराब नलकूपों को समय से मरम्मत सुनिष्चित कराना।
15. पेयजल के कुओं को आवष्यकतानुसार गहरा कराना।
16. पशुओं के पेयजल हेतु सिंचाई विभाग की नहरों/नलकूपों/निजी नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखरों के भरवाने की व्यवस्था सुनिष्चित करना।
17. खेतिहर मजदूरों एवं अन्य जरूरतमन्द लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की व्यवस्था।
18. खराब ट्रान्सफार्मर निर्धारित अवधि में बदलने की व्यवस्था सुनिष्चित करना।
19. रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय में निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु व्यवस्था सुनिर्षिचित करना।
20. सिंचाई के सभी संसाधनों/सरकारी नलकूपों को चालू स्थिति में रखना।
21. नहरों को रोस्टर के अनुसार चलाये जाने की व्यवस्था।
22. नहरों की अवैध कटान पर कड़ी निगरानी रखना।
23. मनुश्यों को लू, संक्रामक रोगों एवं महामारियों से बचाने के लिए आवष्यक निशेधात्मक व्यवस्था एवं सघन चिकित्सीय व्यवस्था।
24. महामारियों के नियंत्रण हेतु वांछित दवाओं को चिन्हांकन करके समुचित स्टाक की व्यवस्था।
25. पशुओं के चारे के अभाव में की स्थिति से निपटने हेतु कार्ययोजना तैयार करना।
26. पशु चिकित्सालयों में पशुओं के उपचार के संसाधन एवं दवाओं की समुचित व्यवस्था।
27. महामारी के नियंत्रण हेतु दवाओं का चिन्हांकन करके समुचित स्टाक की व्यवस्था।
28. आकस्मिकता हेतु आवष्यक खाद्यान्न एवं उपभोक्ता वस्तुओं की व्यवस्था की योजना।
29. कुपोशण की स्थिति से निपटने हेतु कार्ययोजना।
30. मृदा में नमी संरक्षण के उपायों का प्रचार–प्रसार करना।
31. वैकल्पिक फसलों के साथ खाद्य एवं बीज के प्रबन्ध की व्यवस्था।
32. फसलों में रोग बचाव हेतु कीटनाषक दवाओं की समुचित व्यवस्था।

∞ ∞ ∞

सूखा राहत बैठक हेतु एजेण्डा बिन्दु

1. वर्शा के पानी का अधिकतम उपयोग तथा संरक्षण करना–

जनपद बलरामपुर में भारत–नेपाल सीमा से लगे चार विकास खण्डों क्रमशः पचपेड़वा, गैंसड़ी, तुलसीपुर तथा हर्रैयासतघरवा क्षेत्र में भूगर्भ जल स्ट्रेटा हार्ड होने के कारण सिंचाई/पेयजल हेतु बोरिंग नहीं हो पाती है, जिसके कारण सिंचाई/पेयजल की अनुपलब्धता बनी रहती है तथा इस क्षेत्र के कृषकों को पूर्णरूप से वर्षा के पानी पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इन विकास खण्डों के अन्तर्गत नेपाल राज्य की सीमा से आने वाले जल को रोक कर 08 जलाशय क्रमशः खैरवान, गिरगिटही, बघेलखण्ड, गनेशपुर, भगवानपुर, मझगवॉ, चित्तौड़गढ़ तथा कोहरगड्डी पर बॉध बनाकर सिंचाई हेतु नहरों का निर्माण कराया गया है किन्तु इन जलाशयों में पानी की उपलब्धता वर्षा पर ही निर्भर होती है। जनपद के शेष पॉच विकास खण्डों में भूगर्भ जल का स्ट्रेटा ऊपर होने के कारण इन क्षेत्रों में सिंचाई हेतु राजकीय नलकूप तथा निजी नलकूपों की सुविधा उपलब्ध है। वर्षा जल के संरक्षण हेतु भूमि संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय जलागम एवं कृषि विभाग को प्रचार– प्रसार हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये है।

2. पानी के बहाव को कम करना तथा उसे संचित करना–

मनरेगा एवं विकास योजनाओं के अन्तर्गत ग्रामों में पूर्व निर्मित तालाबों का पुर्नगठन कराया जा रहा है, जिससे वर्शा जल के बहाव को कम करते हुये उसे संचित कर सदुपयोग किया जा सकें। पूर्व में बने बंधों के सफाई की व्यवस्था किये जाने के निर्देष सभी सम्बन्धित को दिये गये है।

3. पानी के परम्परागत स्रोतों का पुर्नजीवीकरण–

जनपद में कुल तालाब/ जलाषय की संख्या 1553 है। वर्तमान में सभी तालाब/ जलाषय में पानी से भरे हुये है। कम वर्शा होने पर इन तालाबों को ट्यूबलों से पानी भराये जाने के निर्देष सम्बन्धित को दिये गये है। पानी के परम्परागत स्रोतों का पुर्नजीवीकरण विकास के योजनाओं जैसे मनरेगा आदि से कराया जा रहा है। सभी खण्ड विकास अधिकारियों को ग्राम में कम से कम 02 –02 कुआं गहरा कराने के भी निर्देष दिये गये है।

4. अवक्रमित भूमि एवं वनों की पुनः स्थापना सुनिष्चित करना।

षासन के निर्देष के क्रम में सभी उप जिलाधिकारियों को सार्वजनिक भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाकर उनकी फोटोग्राफ अतिक्रमण के पूर्व में बाद की उपलब्ध कराये जाने के निर्देष दिये गये है तथा सभी को निर्देषित किया गया कि धारा– 122 ज0वि0अधि0 के लम्बित वादों में नियमानुसार नोटिस देकर अवैध कब्जा हटवाने की कार्यवाही सुनिष्चित करें। नये प्रकरणों को गठित समिति के समक्ष निस्तारण हेतु प्रस्तुत करें। वनों की भूमि पर अतिक्रमण की षिकायत होने पर तत्काल उसे निस्तारित किया जाता है तथा वन विभाग को खाली पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण के निर्देष दिये गये है।

5. पानी के संग्रहण एवं भू–कूपों का पुर्नभरण–

समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देषित किया गया है कि वह तालाबों में पानी के संग्रहण की व्यवस्था सुनिष्चित करायेंगे तथा जो कूप सूख गये है, उन्हें गहरा कराकर चालू कराया जाय।

6. मिट्टी व नमी का संरक्षण–

कृशि अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी को ग्राम में व्यापक प्रचार हेतु लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिये निर्देष दिये गये है कि जल को एक तरफ से बहाव न करके बल्कि उसे फौव्वारा के रूप में उपयोग करके मिट्टी में नमी को बनाये रखें, जिससे फसल की पैदावरी पर प्रभाव न पड़े। षासन के निर्देष के क्रम में मिट्टी व नमी के सरंक्षण हेतु विभाग द्वारा काष्ताकारों की भूमि की मेढ़बन्दी कराई जा रही है।

7. अत्यधिक मात्रा में पेड़ लगाना तथा पेड़ों की कटाई को रोकना–

इस बिन्दु पर प्रभागीय वनाधिकारी एवं सभी सम्बन्धित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देष दिये गये है कि वह अपने– अपने विभाग के रिक्त भूमि पर अधिक से अधिक मात्रा में वृक्षारोपण कराना सुनिष्चित करें तथा वृक्षों के कटान पर कड़ी नजर रखे। यह कार्य सम्बन्धित विभाग योजनावद्ध रूप से सुनिष्चित करें।

8. फसल चक्र में फसलों का बदलाव तथा उन्नत बीजों का उपयोग–

यद्यपि जनपद बलरामपुर में फसल चक्र के रूप में उत्पादन हेतु ऐसी मिट्टी नहीं है, फिर भी कृशि अधिकारी एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देष दे दिया गया है। सूखे की स्थिति में यदि ऐसी पद्वति अपनाई जा सके, तो उसके लिये अपने विभागीय स्तर पर योजना तैयार कर लें और आवष्यकतानुसार उसे लागू करायें।

9. फसलों में फव्वारा पद्यति का विकास करके जल संरक्षण को बढ़ावा देना–

फसलों में फव्वारा पद्यति से सिंचाई कर विकास एवं उत्पादन के लिये कृशि अधिकारी एवं जल संरक्षण विभाग को निर्देष दिया गया है कि वह आम जन को ऐसी पद्यिति की जानकारी दे और उसका क्रियान्वयन करायें, जिससे कि जल संरक्षण को अधिक से अधिक मिल सके और कम पानी में फसल को सूखे से बचाया जा सके। इस हेतु स्वयं सेवा संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है।

10. कृशि के साथ अन्य प्रकार के रोजगारों व परम्परागत उद्योगों को बढ़ावा देना–

कृशि के साथ– साथ परम्परागत उद्योगों जैसे – रेषम उत्पादन, मछली पालन व मुर्गा पालनक तथा दुग्ध उत्पादन आदि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये मत्स्य विभाग, रेषम विभाग व उद्योग विभाग के अधिकारियों को आवष्यक निर्देष दे दिये गये है।

11. स्वयं सहायता समूहों का गठन करके लोगों में पानी बचाने के लिए जागरूकता लाना–

जनपद में स्थापित स्वयं सहायता समूहों के साथ एवं उनका सहयोग करने के लिये पानी बचाव जैसे जागरूकता अभियान चलाने हेतु जनपद के सभी विभागों एवं इस कार्य में तीव्र प्रगति के लिये सिंचाई विभाग के सभी खण्डों के अधिकारियों को निर्देष दिया गया है।

12. अपने स्वयं के अनुभवों, विभागों की दक्षता, जन प्रतिनिधियों के व्यवहारिक ज्ञान एवं अनुभव का सदुपयोग–

बैठक के दौरान सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देषित किया गया है कि अपने निजी अनुभवों को आम जन में पहुंचाये और इस कार्य के लिय जन प्रतिनिधियों के अनुभव का

भी सदुपयोग करें और उसे व्यवहारिक से लागू कराने की योजना तैयार रखे। वर्तमान में सुखे की स्थिति से निपटने हेतु सभी सम्बन्धित के साथ बैठक कर सुखा प्रबन्ध योजना तैयार कर ली गई है।

13. पेयजल के सभी स्रोतों/संसाधनों का उचित मरम्मत एवं पूर्ण उपयोग हेतु तैयार करना–

जनपद में पेयजल हेतु स्थापित नलकूपों, इण्डिया मार्का हैण्ड पम्पों, सामान्य हैण्ड पम्पों, कुओं एवं ओवर हैड टेन्कों को सदैव स्वच्छ एवं सुदृढ़ तथा उसे चालू रखने की व्यवस्था की गई है। जनपद में षहरी क्षेत्र में 677 हैण्डपम्प स्थापित है, जिसमेंसे 21 हैण्डपम्प खराब है एवं ग्रामीण क्षेत्र में 26539 हैण्ड पम्प स्थापित है, जिसमें से 890 हैण्ड पम्प खराब है, जिन्हें ठीक कराये जाने के निर्देष दिये गये है। प्रत्येक विकास खण्ड रजिस्टर रखा गया है, जिसमें खराब हैण्ड पम्पों की इन्ट्री की जायेगी। प्रत्येक विकास खण्ड में गठित दो– दो टीमें रजिस्टर से सूचना प्राप्त कर हैण्ड पम्प ठीक करने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को अवगत करायेंगे।

14. खराब नलकूपों को समय से मरम्मत सुनिष्चित कराना–

जनपद में स्थापित सभी नलकूपों का सर्वे अधिषासी अभियन्ता, नलकूप को निर्देषित किया गया है कि वह कोई भी नलकूप इस गर्मी में खराब न होने पायें और यदि कोई नलकूप खराब होता है, तो उसे 24 घण्टे में मरम्मत कर संचालित करना सुनिष्चित करें। जनपद में 338 सरकारी नलकूप सिंचाई हेतु स्थापित है, जिसमें से 13 नलकूप खराब है, जिन्हें तत्काल ठीक कराकर अवगत कराये जाने की निर्देष दिये गये है। अन्य स्थिति में तत्काल उसकी सूचना उच्चाधिकारियों को उपलब्ध करायें।

15. पेयजल के कुओं को आवष्यकतानुसार गहरा कराना–

पेयजल के कुओं का सर्वे किये जाने के निर्देष सभी खण्ड विकास अधिकारियों को दिये गये है तथा सूखे एवं कम गहरे कुओं को मनरेगा के अन्तर्गत खुदवाने, आवष्यकतानुसार गहरा किये जाने के निर्देष दिये गये है।

16. पशुओं के पेयजल हेतु सिंचाई विभाग की नहरों/नलकूपों/निजी नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखरों के भरवाने की व्यवस्था सुनिष्चित करना–

सिंचाई विभाग के सभी अधिकारियों एवं सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं तथा नलकूप विभाग को इस सम्बन्ध में आवष्यक निर्देष दिये गये है कि वह प्रत्येक दिवस क्षेत्र में अपने –अपने कर्मचारियों से तालाबों / पोखरों एवं पानी की उपलब्धता की जानकारी लेते रहे और यदि कोई तालाब पाया जाता है, तो उसे सम्बन्धित विभाग के नजदीकी संसाधन तत्काल भरा दिया जाय। इस सम्बन्ध में विस्तृत सूखा योजना तैयार कर ली गई है।

17. खेतिहर मजदूरों एवं अन्य जरूरतमन्द लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की व्यवस्था–

विकास विभाग द्वारा मनेरगा के अन्तर्गत 151432 श्रमिकों को चिन्हित किया गया है जिन्हें सुखे की स्थिति में प्रति श्रमिक 20 दिन से 04 माह तक रोजगार उपलब्ध कराये जाने का मानव दिवस सृचित किया गया है। जिसके लिये रू0 4466.37 लाख धनराषि अनुमानित व्यय होगी।

18. खराब ट्रान्सफार्मर निर्धारित अवधि में बदलने की व्यवस्था सुनिष्चित करना–

अधिषासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड बलरामपुर को खराब ट्रान्सफार्मन 03 दिवस में ठीक कराये जाने के निर्देष दिये गये है।

19. रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय में निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु व्यवस्था सुनिषिचित करना–

अधिषासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड बलरामपुर को षासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार मुख्यालय पर 15 घण्टे एवं ग्रमीाण क्षेत्रों में 12 घण्टे विद्युत आपूर्ति किये जाने के निर्देष दिये गये है।

20. सिंचाई के सभी संसाधनों/सरकारी नलकूपों को चालू स्थिति में रखना–

सूखे की स्थिति में सिंचाई के सभी संसाधनों का उपयोग सुनिष्चित कराये जाने के निर्देष दिये गये है। वर्तमान में 13 नलकूप विद्युत दोश से खराब है, इन्हें तत्काल ठीक करने के निर्देष दिये गये है।

21. नहरों को रोस्टर के अनुसार चलाये जाने की व्यवस्था–

सिंचाई विभाग के सभी खण्डों को नियत रोस्टर के अनुसार नहरों को चलाये जाने के निर्देष दिये गये है तथा रोस्टर की जानकारी सभी कृशकों को पूर्व से उपलब्ध कराने के भी निर्देष दिये गये है।

22. नहरों की अवैध कटान पर कड़ी निगरानी रखना–

सभी सम्बन्धित तहसीलदार एवं सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को निर्देष दिया गया है कि नहरों की अवैध कटाने पर कड़ी निगरानी रखे। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की षिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही करे तथा दोशी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देष दिया गया है।

23. मनुश्यों को लू, संक्रामक रोगों एवं महामारियों से बचाने के लिए आवष्यक निशेधात्मक व्यवस्था एवं सघन चिकित्सीय व्यवस्था–

ग्रीश्मकालीन / सूखा जनित बीमारियों से बचाव के लिये मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रवार नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी को सतर्क दृश्टि बनाये रखे जाने के निर्देष दिये गये तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल चिकित्सीय टीम मौके पर भेजे के भी निर्देष दिये गये है।

24. महामारियों के नियंत्रण हेतु वांछित दवाओं को चिन्हांकन करके समुचित स्टाक की व्यवस्था–

मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा महामारियों के नियंत्रण हेतु जनपद स्तर पर कैम्प कार्यालय में संक्रामक रोग नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है,जिसमें उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ नोडल अधिकाहरी के नेतृत्व में चिकित्सीय दल आवष्यक औशधियों के साथ उपलब्ध रहते है, जिनका नम्बर 05263– 233541 है। इस सम्बन्ध में समस्त आवष्यक कार्यवाही हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देषित भी किया गया है।

25. पशुओं के चारे के अभाव में की स्थिति से निपटने हेतु कार्ययोजना तैयार करना–

मुख्य पषु चिकित्साधिकारी द्वारा सुखे की स्थिति में निपटने हेतु कार्य योजना तैयार कर ली गई है। इस सम्बन्ध में उन्हें निर्देषित किया गया है कि अपने क्षेत्रान्तर्गत सतर्क दृश्टि बनाये रखे तथा संक्रामक रोगों से बचाव हेतु पषुओं का नियमित टीकाकरण अभियान चलाते रहे।

26. पशु चिकित्सालयों में पशुओं के उपचार के संसाधन एवं दवाओं की समुचित व्यवस्था–

मुख्य पषु चिकित्साधिकारी द्वारा सुखे की स्थिति में पषु के ईलाज हेतु विस्तृत योजना तैयार की गई है। इस सम्बन्ध में उन्हें निर्देषित किया गया है कि पषु चिकित्सालयों में पषुओं के उपचार के संसाधन एवं दवाओं की समुचित व्यवस्था रखे।

27. महामारी के नियंत्रण हेतु दवाओं का चिन्हांकन करके समुचित स्टाक की व्यवस्था–

महामारी से निपटने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देषित किया गया है। उनके द्वारा इस सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना तैयारकर ली गई है। महामारी की सूचना मिलने पर तत्काल विषेशज्ञ चिकित्सक के नेतृत्व में टीम मौके पर भेजने एवं ईलाज किये जाने के निर्देष दिये गये है।

28. आकस्मिकता हेतु आवष्यक खाद्यान्न एवं उपभोक्ता वस्तुओं की व्यवस्था की योजना–

आकस्मिकता की स्थिति में आपूर्ति विभाग एवं बाल विकास परियोजना के माध्यम से आवष्यक खाद्य सामग्री जैसे बाल पुश्टाहार एवं मेड–डे–मील योजना एवं आपूर्ति विभाग के माध्यम से खाद्य सामग्री पीड़ितों को दिये जाने योजना बनाई गई है। इसे यथा समय आवष्यकता पड़ने पर लागू किया जायेगा।

29. कुपोशण की स्थिति से निपटने हेतु कार्ययोजना–

कुपोशण से बचाव हेतु बाल विकास परियोजना के माध्यम से बाल पुश्टाहार का वितरण नियमित रूप से जनपद में संचालित हो रहा है।

30. मृदा में नमी संरक्षण के उपायों का प्रचार–प्रसार करना–

कृशि अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी को ग्राम में व्यापक प्रचार हेतु लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिये निर्देष दिये गये है कि जल को एक तरफ से बहाव न करके बल्कि उसे फौव्वारा के रूप में उपयोग करके मिट्टी में नमी को बनाये रखें, जिससे फसल की पैदावरी पर प्रभाव न पड़े। षासन के निर्देष के क्रम में मिट्टी व नमी के सरंक्षण हेतु विभाग द्वारा काष्ताकारों की भूमि की मेढ़बन्दी कराई जा रही है।

31. वैकल्पिक फसलों के साथ खाद्य एवं बीज के प्रबन्ध की व्यवस्था–

अगेती, राई/ सरसों, मक्का, तोरिया आदि वैकल्पिक फसलों एवं खाद्य व बीज का प्रबन्धीकरण कृशि विभाग, उद्यान विभाग द्वारा किये जाने सम्बन्धी विस्तृत योजना तैयार की गई है, जिसे आकस्मिकता पड़ने पर तत्काल क्रियान्वित कराया जायेगा।

32. फसलों में रोग बचाव हेतु कीटनाषक दवाओं की समुचित व्यवस्था–

फसलों में रोग एवं कीटों से बचाव हेतु कीटनाषक दवाओं की समुचित व्यवस्था कृशि रक्षा इकाई के माध्यम से किये जाने के निर्देष दिये गये है तथा आवष्यकतानुसार कृशकों में वितरित किये जाने की व्यवस्था तत्काल लागू की जायेगी।

सम्भावित सूखा की स्थिति से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण कमेटी की बैठक दिनांकः 25.05.2015 का कार्यवृत्त

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांकः 25.05.2015 को सम्भावित सूखा की स्थिति से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार, बलरामपुर में जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में निम्नलिखित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे–

1. प्रभागीय वनाधिकारी सोहलेवा वन्य जीव प्रभाग बलरामपुर।
2. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)बलरामपुर
3. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बलरामपुर
4. जिला विकास अधिकारी, बलरामपुर
5. उप जिलाधिकारी उतरौला।
6. अवर अभियन्ता भूमि सरक्षण विभाग
7. तहसीलदार बलरामपुर/उतरौला/तुलसीपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0प्रा0ख0 बलरामपुर
9. पशु चिकित्साधिकारी, बलरामपुर
10. परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, बलरामपुर।
11. अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड–2/नोडल अधिकारी (बाढ़) बलरामपुर।
12. अधिशासी अभियन्ता, चित्तौड़गढ़ बॉध, निर्माण खण्ड, बलरामपुर।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड बलरामपुर।
14. खण्ड विकास अधिकारी, तुलसीपुर।
15. भूमि संरक्षण अधिकारी (राष्ट्रीय जलागम) बलरामपुर।
16. सहायक अभियंता, जल निगम, बलरामपुर

17. सहायक अभियंता, नलकूप खण्ड बलरामपुर
18. सहायक अभियन्ता, ड्रेनेज खण्ड सिद्धार्थनगर।
19. प्रतिनिधि समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, जनपद बलरामपुर।
20. सहायक अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड–1, बलरामपुर।
21. अवर अभियन्ता, ड्रेनेज खण्ड सिद्धार्थनगर।
22. अवर अभियंता, सिंचाई निर्माण खण्ड सिद्धार्थनगर
23. अग्निशमन अधिकारी
24. सहायक निदेशक मत्स्य, बलरामपुर
25. अभिविहित अधिकारी खाद्य एवं सुरक्षा बलरामपुर
26. औषिधी निरीक्षक बलरामपुर
27. जिला गन्नाधिकारी बलरामपुर
28. जिला युवा कल्याण अधिकारी बलरामपुर

————————————————————————————

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए सर्व प्रथम पेयजल की स्थिति पर चर्चा की गयी।

1. राजकीय नलकूपों की स्थिति

अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड बलरामपुर को निर्देश दिये गये कि सभी नलकूपों को चलवाया जाय, कोई भी नलकूप विद्युत दोष अथवा यांत्रिक दोष के कारण खराब होता है तो उसे 24 घंटे के अन्दर ठीक कराया जाय जिलाधिकारी महोदया के द्वारा बैठक मे उपस्थित अ0अ0विद्युत वितरण को निर्देश दिया गया कि वह नलकूप विभाग के अ0अ0 समन्वय स्थापित करके विद्युतीय दोष से खराब सभी नलकूपों को तत्काल ठीक कराये। सूचना प्रत्येक सप्ताह शनिवार को निम्न बिन्दुओं पर प्रेषित करेगें।

क– कुल राजकीय नलकूपों की संख्या (सिंचाई)–
ख– चालू हालत में नलकूपों की संख्या–
ग– कुल खराब नलकूपों की संख्या–
घ– यांत्रिक दोष के कारण खराब नलकूपों की संख्या–
ड.– विद्युत दोष के कारण खराब नलकूपों की संख्या–

1. ग्रामीण/शहरी क्षेत्र पेयजल योजना– जिलाधिकारी महोदया द्वारा अ0अ0अभियन्ता जल निगम बलरामपुर को पेयजल के सभी स्रोतों/संसाधनों की भली प्रकार से मरम्मत का कार्य उष्णता कों दृष्टिगत रखते हुए तत्काल ठीक करा लिये जाये तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के सभी इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प सही हालत में चालू रहें यह भी सुनिश्चित किया जाये । निम्न बिन्दुओं पर सूचना प्रति सप्ताह उपलब्ध करायें।
2. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम बलरामपुर ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त हैण्डपम्पों का सर्वे कराकर एक सप्ताह में ठीक कराये। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम बलरामपुर हैण्ड पम्पों के रिबोर की कार्यवाही के सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं पर सूचना प्रत्येक सप्ताह शनिवार को उपलब्ध करायें।

हैण्डपम्पों की स्थिति

क– कुल इण्डिया मार्का–।। हैण्डपम्पों की संख्या–
ख– अस्थाई रूप से खराब हैण्डपम्पों की संख्या–
ग– स्थाई रूप से खराब हैण्डपम्पों की संख्या–

क. जनपद में रिबोर कराये जाने वाले हैण्डपम्प की संख्याः
ख. उक्त के लिए आवश्यक धनराशिः
ग. जनपद स्तर पर उपलब्ध धनराशिः
घ. अब तक रिबोर कराये गये हैण्डपम्पों की संख्या
ड. रिबोर कराने हेतु अवशेष हैण्डपम्पों की संख्याः

क्र0	पेयजल संकट से प्रभावित ग्राम शहरी क्षेत्र के वार्ड/ मुहल्ला क्षेत्र का नाम	दिन की संख्या	टैंकरों की संख्या	प्रति टैंकर के किराये की धनराशि	कुल वांछित धनराशि
1	2	3	4	5	6

शहरी क्षेत्रों के अन्तर्गत रिबोर योग्य समस्त हैण्डपम्पों को तत्कालं रिबोर कराना सुनिश्चित करें। शहर के किसी भी मोहल्ले में पानी की समस्या की सूचना प्राप्त होती है तो टैंकर से जलापूर्ति सुनिश्चित किया जाय तथा जल निगम द्वारा निर्धारित दर पर किराये का भुगतान किया जाय। टैकर से जलापूर्ति का सत्यापन उप जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा। तुलसीपुर तहसील क्षेत्र के पहाड़ी क्षेत्रों के ग्रामीण अंचलों में 25 मीटर से नीचे बोरिंग न होने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम बलरामपुर अपने विभाग को पत्र लिखकर बोरिंग की समुचित व्यवस्था करायें। विकास खण्ड स्तर पर सभी खण्ड विकास अधिकारी एक रजिस्टर बना लें जिसमें अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से यह सत्यापित करा लें कि उस कर्मचारी के क्षेत्र में कितने हैण्डपम्प लगे हुए हैं तथा कितने रिबोर योग्य है, कितने अस्थाई खराब हैं और कितने चालू हैं, की अंकन पंजिका पर करके प्रतिदिन यह सुनिश्चित किया जाय कि यदि ग्राम के किसी भी व्यक्ति के माध्यम से हैण्डपम्प के खराब होने की सूचना मिलती है तो उसे तत्काल ठीक कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम

बलरामपुर को पत्र प्रेषित करके ठीक करायें और मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों को जिला पंचायत राज अधिकारी अपने स्तर से ठीक कराना सुनिश्चित करें।

ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में यांत्रिक दोष के कारण खराब नलकूपों को अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, बलरामपुर को तथा विद्युत दोष के कारण खराब नलकूपों को अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बलरामपुर तत्काल ठीक कराना सुनिश्चित करें। नलकूपों की सूचना विकास खण्डवार प्रस्तुत किये जायें तथा जिन तालाबों को भरा जाना है उनकी सूची की एक–एक प्रति मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर को तथा समस्त उप जिलाधिकारी जनपद बलरामपुर व जिला आपदा प्रबन्धन केन्द्र बलरामपुर को प्रेषित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में कुओं को आवश्यकतानुसार गहरा कराये जाने तथा ग्रामीण क्षेत्र में हैण्डपम्पों के खराब होने की सूचना अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, बलरामपुर व जिला पंचायत राज अधिकारी बलरामपुर को उपलब्ध कराने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद बलरामपुर को निर्देश दिये गये। ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप चालू हालत में हैं या नहीं? ग्राम प्रधानों से प्रमाण पत्र लेकर एक सप्ताह में प्रस्तुत किया जाय।

2.तालाब/पोखरों को भरा जाना तथा पाइप लाइन द्वारा पेयजल की आपूर्ति एवं ओबर हेड टैंक की सफाई–

उप जिलाधिकारी/तहसीलदार एवं खण्ड विकास अधिकारी को यह निर्देश दिये गये कि ग्रामवार तत्काल सर्वे कराकर तालाबों को सरकारी ट्यूबेल से विभाग के जलाशय व निजी ट्यूबेल के माध्यम से अथवा जो भी संसाधन हों उससे भराया जाय। जिन ताबाबों को भरवाया जाय उसकी सूची दूसरे दिन इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय।

समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद बलरामपुर यह सुनिश्चित करें कि नरेगा से जो तालाब खोदे जा रहे है और तालाब खोदकर पूर्ण हो गये है उनकी सूची भी अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, नलकूप खण्ड व चित्तौड़गढ़ बॉध बलरामपुर को उपलब्ध करायें, ताकि उसे भी भरवाया जा सके।

उक्त के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों को जिला पंचायत राज अधिकारी एक सप्ताह के अन्दर ठीक कराना सुनिश्चित करें।

नगर निकायवार कुल कितने ओबर हेड टैंक स्थापित है, कितने चालू हैं और कितने यांत्रिक दोष से एवं कितने विद्युत दोष से खराब हैं। स्थापित ओबर हेड टैंक की सफाई 3 दिवस के अन्दर कराना सुनिश्चित करें तथा उनमें ब्लीचिंग पाउडर की व्यवस्था की जाय।

मुख्य चिकित्साधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की चेकिंग कराकर ब्लीचिंग पाउचर की नियमित रूप से व्यवस्था करायी जाय। पाइन लाइनों के लीकेज की चेकिंग बराबर की जाय और जहॉ कहीं भी पाइप लाइन लीकेज हो अथवा जन सामान्य से कोई शिकायत मिले उसे तत्काल सही कराया जाय तथा चेकिंग के समय यह भी देखा जाय कि किसी व्यक्ति द्वारा बिना कनेक्शन प्राप्त किये पाइन लाइन से स्वयं कनेक्शन जोड़ कर पानी ले रहा है। यदि ऐसा पाया जाय तो उस अवैध कनेक्शन को तत्काल काट दिया जाय तथा चेकिंग के समय दुबारा कनेक्शन जोड़ा पाया जाय तो उस व्यक्ति के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही कराया जाय, क्योंकि अवैध कनेक्शन से जल प्रदूषित होता रहता है और इससे तमाम संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि कीटनाशक दवाओं यथा ब्लीचिंग पाउडर का स्टाक 07 दिन के लिए हमेशा उपलब्ध रखा जाय। समस्त उप जिलाधिकारी अपने नगर क्षेत्र के अन्तर्गत औचक निरीक्षण भी करते रहें। कुओं को प्रत्येक गॉव में कम से कम 2–2 कुऑ सभी खण्ड विकास अधिकारी, मनरेगा से गहरा करा दें। नलकूप विभाग द्वारा 189 तालाब भरे जाने हैं जिसमें से 80 भरवा दिये जाने की बात बतायी गयी है। नलकूप विभाग भराये गये 80 तालाबों की सूची ग्रामवार तत्काल प्रेषित करें। सभी हैण्डपम्प चालू हालत में होने चाहिए। ट्रांसफार्मर 24 घंटे में ठीक हो जाना चाहिए। हैण्डपम्पों के ठीक/खराब होने की सूचना तत्काल उप जिलाधिकारी को दिया जाय तथा प्रति सप्ताह शनिवार को प्रगति आख्या भेजी जाय। उप जिलाधिकारी सभी लेखपालों से सत्यापन कराते रहें।

(कार्यवाही–अधि0 अभि0नलकूप खण्ड/जल निगम, अधि0अभि0, विद्युत वितरण खण्ड, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त ई0ओ0 (स्था0नि0), समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद बलरामपुर एवं समस्त उप जिलाधिकारी, जनपद बलरामपुर।)

3. सिंचाई सुविधायें

सहायक अभियन्ता, चित्तौड़गढ़ बॉध निर्माण खण्ड बलरामपुर को निर्देश दिये गये कि नहरों की शिल्ट सफाई हुई है या नहीं, यदि साफ न हो तो सफाई करा ली जाय तथा नहरों का सर्वे करा लिया जाय और जिन स्थानों पर नहर कट गये हों उन स्थानों पर कटान का मरम्मत करा लिया जाय। अवैध रूप से कटान करने वालों के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करायी जाय। इस कार्य में जिला एवं पुलिस प्रशासन का अपेक्षित सहयोग भी प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई के लिए स्थापित ट्यूबेलों की सूचना विकास खण्डवार प्रस्तुत करें तथा सभी ट्यूबेलों का सर्वे करा लिया जाय, यदि कोई खराब हो तो उसके एक सप्ताह के अन्दर ठीक कराया जाय और उसे सदैव चालू हालत में रखा जाय।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड/चित्तौड़गढ़ बॉध, बलरामपुर।

4. भूसा/चारा की व्यवस्था :–

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में वर्तमान समय में चारे के सम्बन्ध में कोई समस्या नहीं है, चारा की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है।मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व जिला कृषि अधिकारी बलरामपुर को निर्देश दिये गये कि वह राजकीय फार्म हाउस पर जनपद गोण्डा फैजाबाद तथा बलरामपुर में उपलब्ध भूसा को रिजर्व करा दें ताकि चारे की समस्या के समय निर्बाध रुप से चारे की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। यह भी सुनिश्चित कर लें कि जनपद में भूसा/चारे की उपलब्धता बनाये रखने के लिए जनपद से भूसा/चारा निकासी/विक्रय पर अंकुश लगा दिये जायें तथा अपनी–अपनी कार्ययोजना तीन दिवस के अन्दर बना कर प्रस्तुत करें। भूसा/चारा कहॉ से मॅगाये जायेंगे, उन स्थलों/स्टाकिस्ट की सूची व रेट तथा भूसा/चारा ढोने में प्रयोग होने वाले वाहनों की लिस्ट तैयार कर ली जाय।

उक्त के अतिरिक्त मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी बलरामपुर को कृषकों को चरी के फसलों में बराबर पानी देने की सलाह देते रहें और आवश्यकतानुसार औषधि की व्यवस्था करें। पशुओं के दवाओं की सफीसियेन्ट व्यवस्था है या नहीं। यदि नही है तो जिलाधिकारी की ओर से पत्र भेजवा दें। सभी आवश्यक दवाओं को पशु केन्द्र पर उपलब्ध करा दिया जाय।

(कार्यवाही– मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/जिला कृषि अधिकारी, बलरामपुर।)

5. कृषि रक्षा एवं बीज उपलब्धता :–

जिला कृषि अधिकारी, बलरामपुर सूखा की दशा में कम पानी से पैदा होने वाली फसलों की बीजों का पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करेंगें तथा सूखा की दशा में फसलों में होने वाली बीमारियों से सम्बन्धित कीटनाशक दवाओं के बारे में भी पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था रखेंगे। कृषि रक्षा अधिकारी सूखा के समय कृषको को लाभान्वित करेंगे। फारकॉस्टिंग का डाटा तैयार करा लें। सभी विभागों से समन्वय रखें। प्लान तैयार रखें कि कौन अधिकारी/कर्मचारी किस कार्य को करेंगे।

(कार्यवाही–जिला कृषि अधिकारी, बलरामपुर।)

6. निराश्रित एवं असहाय व्यक्तियों को खाद्यान्न आपूर्ति :–

जिलाधिकारी महोदया द्वारा सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार जनपद बलरामपुर को निर्देश दिये गये कि निराश्रित एवं असहायों को खाद्यान्न आपूर्ति करने का सम्पूर्ण दायित्व शासन द्वारा जिला प्रशासन को सौंपा गया है ।सभी उप जिलाधिकारी/तहसीलदार यह सुनिश्चित करें कि उनके तहसील क्षेत्र में कोई भी निराश्रित एवं असहाय व्यक्ति भूख/लू–प्रकोप से न मरने पाये। लू–लगने की स्थिति मे मुख्य चिकित्साधिकारी आवश्यक दवाइयो के साथ पीडित व्यक्ति के इलाज की समुचित व्यवस्था करेगें इसमे किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता होने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। सभी उपजिलाधिकारी/तहसीलदार का उत्तरदायित्व होगा कि उनके क्षेत्र मे कोई भी व्यक्ति भूख से न मरने पाये। अस्तु सभी उप जिलाधिकारी/तहसीलदार इस कार्य के लिए पूर्ण सजग रहें और इसके लिए ग्राम प्रधानों एवं लेखपालों से इस आशय के प्रमाण पत्र भी लिये जायें कि उनके क्षेत्र मे भूख से पीडित कोई भी व्यक्ति नहीं है।

वर्षा के अभाव मे आजीविका के लिए मजदूरी पर आश्रित खेतिहर मजदूरो की समस्याओं का निदान सर्वप्रथम मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत प्राविधिानित धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए, यदि इन मदों से धनराशि उपलब्ध न हो तो प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये। पेंशन धारकों को समय से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जाय।

उक्त के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी (आंगनवाड़ी) अपने अधीनस्थ समस्त सी0डी0पी0ओ0 को निर्देशित गया कि बच्चों के पोषण हेतु पुष्टाहार समुचित मात्रा में व्यवस्थित एवं वितरित कराते रहें।

(कार्यवाही–जिलाविकास अधिकारी/डी0सी0मनरेगा /समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/ जिला कार्यक्रम अधिकारी, जनपद बलरामपुर।)

7. अग्निकाण्ड :–

अग्निकाण्ड की घटनाओं में पीड़ित व्यक्तियों को समय से सहायता नवीनतम शासनादेश दिनांक 8.4.015 के अनुसार पीडित परिवार को प्रदान किया जाये। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देश दिये गये कि सभी उप जिलाधिकारी/तहसीलदार यह सुनिश्चित करें कि अग्निकाण्ड में दैवी आपदा से पीड़ित परिवारों को प्रत्येक दशा में 24 घंटे के अन्दर राहत प्राप्त हो जाय। यदि समय से राहत प्राप्त न होने की शिकायत प्राप्त होती है तो उसके लिए सम्बन्धित सभी उप जिलाधिकारी/तहसीलदार सीधे जिम्मेदार होंगे। अस्तु सभी उप जिलाधिकारी/तहसीलदार अपने अधीनस्थ राजस्व निरीक्षकों को 24 घंटे के अन्दर तथा लेखपाल को 08 घंटे के अन्दर आख्या देने के लिए निर्देशित करें। गॉवों में यह भी प्रचार प्रसार किया जाय कि लोग अपने खलिहानों को दूर–दूर रखें। फसलों पर अग्निकाण्ड से पीड़ित लोगों को सहायता देने हेतु शासन द्वारा सहायता दिये जाने का प्रावधान है अतएवं यदि किसी तहसील/ग्राम में फसलों पर अग्निकाण्ड की घटना घटित हो उसकी पूर्ण जॉच रिपोर्ट स्पष्ट रूप से तीन दिवस के अन्दर उपलब्ध कराया जाय। सभी तहसीलदार अपने लेखपालों के माध्यम से गॉवों में प्रचार प्रसार करवा दें कि छप्पर के घरों में खाना बनाते समय चूल्हें के पास एक बाल्टी, दो बाल्टी पानी भर कर अवश्य रखें और आग जला कर घर से इधर–उधर न जायें। खाना बनाने के बाद आग को अच्छी तरह से बुझा दें। यह सब जानकारी गॉव में लोगों को दे दिये जायें। गॉव में कहीं आग

लगने की खबर मिलती है तो उसकी जानकारी जिलाधिकारी /अपर जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक/ फायर स्टेशन को 100 नम्बर के टोल फ्री टेलीफोन अथवा पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के टेलीफोन /मोबाइल पर तुरन्त फोन पर बतायें और लेखपाल, कानूनगो व नायब तहसीलदार तुरन्त मौके पर जायें तथा वहॉ पहुॅच पुनः मौके की स्थिति की जानकारी जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी को दें तथा तहसीलदार व उप जिलाधिकारी भी मौके पर जाकर तुरन्त राहत वितरण की कार्यवाही करायें। सभी उपजिलाधिकारी यह सुनिश्चित करे कि क्षेत्रीय लेखपाल अपने अपने क्षेत्र मे निवास करें तथा राजस्व अधिकारियों के सम्पर्क दूरभाष अथवा मोबाइल से सम्पर्क मे रहें,,साथ ही तहसीलों में आपदा प्रबन्धन के सम्बन्ध में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी उप जिलाधिकारी अपनी देख–रेख में सुचारू रूप से सम्पन्न करें, जिससे आपदा न्यूनीकरण हो सके।विकास विभाग के सभी फील्ड स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी अपने नियुक्ति स्थल पर निवास करके शासकीय कार्य का सम्पादन करते हुए किसी भी प्रकार की घटना की सूचना अपने उच्चाधिकारियों को उपलब्ध करायेंगें तथा इस हेतु मार्गदर्शन प्राप्त कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेगे।

(कार्यवाही–जिलाविकास अधिकारी बलरामपुर/समस्त उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार, जनपद बलरामपुर।)

8. जीवन रक्षक औषधियॉ :–

बैठक में उपस्थित उप मुख्य चिकित्साधिकारी, बलरामपुर को निर्देश दिये गये कि वह मनुष्यों में होने वाली सूखा जनित बीमारियों के सम्बन्ध में दवाओं का समुचित मात्रा में भण्डारण रखा जाना सुनिश्चित करें तथा बच्चों में टीकाकरण करा दिये जायें साथ ही साथ सभी प्रकार की दवाईयों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध करा दिये जायें। उप मुख्य चिकित्साधिकारी, उपलब्ध दवाओं की सूची एवं कृत कार्यवाही की रिपोर्ट पन्द्रह दिन के अन्दर प्रेषित करें। इसी प्रकार मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बलरामपुर यह सुनिश्चित

करें कि वह पशुओं में आम तौर से होने वाली सूखा जनित बीमारियों से बचाव हेतु दवाओं का समुचित भण्डारण रखा जाना सुनिश्चित करें तथा पशुओं के जीवन रक्षार्थ उपलब्ध दवाओं एवं अब तक किये गये उपचारों का पूर्ण ब्यौरा सहित सूची पन्द्रह दिन के अन्दर प्रेषित करें। उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद के सभी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत को यह भी निर्देश दिये गये कि नगर क्षेत्रों में मच्छरों के बचाव हेतु नालियों की सफाई एवं धुँआ के फागिंग की तिथि निश्चित करके प्रत्येक मोहल्ले में करा दिये जायें और कृत कार्यवाही की रिपोर्ट तीन दिवस के अन्दर सभी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत प्रेषित करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी निम्न बिन्दुओं पर सूचना तत्काल प्रेषित करें।

1. भूसा/हरा चारे की उपलब्धता
2. भूसे के भण्डारण की उपलब्धता
3. पशु राहत शिविरों की संख्या
1. <u>पशुओं के टीकाकरण हेतु उपलब्ध वैक्सीन का विवरण उपलब्धता</u>

(क) एच0एस0
(ख) एफ0एम0डी0
(ग) बी0 क्यू0
(घ) इन्टोटाक्सीनिया
(ड.) एस0एफ0
(च) सीपपॉक्स
(छ) आर0डी0

1. <u>दिनांकः 15.06.2015 तक पशु टीकाकरण की स्थिति</u>

(क) एच0एस0
(ख) एफ0एम0डी0
(ग) बी0क्यू0
(घ) एस0पी0
(ड.) एस0एफ0
(च) ए0आर0बी0
(छ) आर0डी0

(कार्यवाही–मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बलरामपुर एवं समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, बलरामपुर।)

<u>9.राजेगार सृजन</u>

ग्रामीण क्षेत्रों में सूखा राहत मजदूरी कार्यक्रम की समस्या के निदान हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड की कार्ययोजना तैयार करके निम्न प्रारूप पर तत्काल प्रेषित करें।

ग्रामीण क्षेत्रों में सूखा राहत मजदूरी कार्यक्रम की समस्या के निदान हेतु कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2015–2016 जनपद बलरामपुर

क्र0	विकास खण्ड का नाम	श्रमिकों की संख्या	सूखा राहत योजनान्तर्गत लाभान्वित कराये जाने वाले श्रमिकों की संख्या	प्रति श्रमिक प्रतिमाह 20 दिन 4 माह तक रोजगार उपलब्ध कराने पर सृजित होने वाले मानव दिवसों की संख्या	आवश्यक धनराशि (लाख रूपये में)
1	2	3	4	5	6

(कार्यवाही–मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर।)

बैठक मे पुलिस विभाग,जिला पूर्ति विभाग एवं कृषि विभाग जो आपदा के मुख्य विभाग है ,के अधिकारी सूचना होने के बावजूद बैठक मे भाग नही लिये है,और न ही कोई विभागीय प्रतिनिधि ही बैठक मे आयें है ।अगली आपदा की बैठक में इनकी उपस्थिति सुनिश्चित किया जाये।बैठक मे न आने का कारण स्पष्टकराया जाये का निर्देश जिलाधिकारी महोदया द्वारा दिया गया ।

<u>10. अन्य आवश्यक व्यवस्थायें</u>

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदया द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि सभी विभाग अपना–अपना एक्शन प्लान बना लें और उसकी प्रति तत्काल उपलब्ध करायें जिससे कार्ययोजना का अपडेट किया जा सके, इसके लिए सभी विभाग अपने–अपने विभाग की कार्ययोजना की अद्यावधिक प्रति के साथ कर्मचारी नामित करें कि वह तत्काल आपदा प्रबन्धन कार्यालय मे जाकर कार्ययोजना (सूखा प्रबन्ध योजना–वर्ष 2015–16) अद्यावधिक रूप से तैयार करवाना सुनिश्चित करें। अपने अपने कार्यालय में सभी विभाग फोन रिसीबर तैनात कर दें,जिससे आपदा की स्थिति में कार्यालय फोन पर वस्तुस्थिति से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जा सके। जिलाधिकारी महोदया द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि सूखा से पूर्व उपरोक्त सभी तैयारियों के साथ यथासमय अन्य आवश्यक समुचित व्यवस्थायें भी रखी जायें जिसे फौरी तौर पर आवश्यकतानुरूप उपयोग में लाया जा सके और सूखा राहत सम्बन्धी सभी उपाय किये जा सके। इस हेतु सभी सम्बन्धित अधिकारीगण पूर्ण सजग रहते हुए अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी (दैवी आपदा) बलरामपुर एवं मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी,(विकास विभाग) बलरामपुर से अपना समन्वय बनाये रखेंगे।

(गंगाराम गुप्ता)
अपर जिलाधिकारी/प्र0अ0 (दै0आ0)
बलरामपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, बलरामपुर।

संख्याः **4321** /सी0आर0ए0(सूखा राहत–बैठक–कार्यवृत्त)/15, दिनांकः 30.5..2015

प्रतिलिपिः

1.सचिव, राजस्व एवं राहत आयुक्त, उ0प्र0 शासन लखनऊ की सेवा में सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. आयुक्त, देवी पाटन मण्डल, गोण्डा की सेवा में सूचनार्थ सादर प्रेषित।
3. जिलाधिकारी महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. सभी सम्बन्धित अधिकारियों/विभागों को उपरोक्तानुसार अनुपालन हेतु प्रेषित।
5. पत्रावली पर रखने हेतु।

अपर जिलाधिकारी/प्र0 अ0(दै0आ0)
बलरामपुर।